गेहूं की किस्मों पी बी डब्ल्यू 906, पी बी डब्ल्यू 915 की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर खेती के लिए हुई

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी ए यू), लुधियाना की गेहूं की 2 अधिक उपज वाली किस्मों की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर खेती के लिए की गई है। यह किस्में हैं पी बी डब्ल्यू 906 मध्य क्षेत्र (सी ज़ेड) के लिए और पी बी डब्ल्यू 915 उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र (एन ई पी ज़ेड) के लिए।
इन किस्मों की पहचान अगस्त 2025 के चौथे हफ़्ते में ग्वालियर में हुई 64वीं अखिल भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान कार्यकर्ता बैठक के दौरान की गई थी।
यह दोनों किस्मों की पहचान, बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई सी ए आर) के अधीन वैराइटी आइडेंटिफिकेशन कमेटी (वी आई सी) या किस्म पहचान समिति द्वारा की गई।
इन किस्मों पर तीन साल तक कठोर परीक्षण किया गया जिस कारण इनमें उच्च उपज और बीमारियों से लड़ने की क्षमता उभरी है। यह किस्में विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों में बुवाई के लिए उपयुक्त हैं।
पी बी डब्ल्यू 906 की सिफ़ारिश भारत के मध्य क्षेत्र, जिसमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान के कुछ हिस्से और उत्तर प्रदेश के झांसी इलाका शामिल हैं, में उच्च-लागत वाली खेती के तहत अगेती बुवाई के लिए की गई है।

पी बी डब्ल्यू 906 की औसत उपज 67.4 क्विंटल प्रति हेक्टेयर (27.28 क्विंटल प्रति एकड़) है। यह किस्म भूरा रतुआ रोग की प्रतिरोधी है और काला रतुआ रोग की मध्यम प्रतिरोधी है।

पी बी डब्ल्यू 915 किस्म उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र, जिसमें बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम और आसपास के इलाके शामिल हैं, में समय पर सिंचाई वाले क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।

तीन सालों के परीक्षण के बाद, इस किस्म ने 52.5 क्विंटल प्रति हेक्टेयर (21.25 क्विंटल प्रति एकड़) की औसत उपज दी। पी बी डब्ल्यू 915 किस्म गेहूँ के दो प्रमुख रोगों, पीला और भूरा रतुआ, की प्रतिरोधी है।